**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 24.03.2024** **समय 18.30**

- **प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब तक डेढ सौ करोड़ रूपये से ज्यादा की अवैध सामग्री जब्त–सबसे ज्यादा जब्ती जोधपुर में।**
- **होली पर्व का प्रदेशभर में उल्लास–जगह–जगह होलिका दहन के कार्यक्रम।**
- **राज्य में अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मृत्यु।**
- **प्रदेश में आज से मौसम में बदलाव की संभावना – कई स्थानों पर हल्की बारिश के आसार।**

000

राज्य में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब तक विभिन्न एजेन्सियों द्वारा 150 करोड़ रूपये से ज्यादा की अवैध सामग्री जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग–अलग एजेंसियां, चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। ये एजेन्सियां 16 मार्च से नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं और अवैध नकद राशि की जब्ती कर रही है। श्री गुप्ता ने बताया कि 7 जिलों में 10–10 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं या नकद बरामद हुआ है। सबसे अधिक लगभग साढे इकत्तीस करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती जोधपुर में हुई है। इसके अलावा पाली, जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, गंगानगर और बाड़मेर जिलो में भी बडी मात्रा में जब्ती की जा चुकी है।

**0000**

प्रदेश में अधिक से अधिक मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरोही जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है। सिरोही में राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओ की ओर से लोकतंत्र का रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये चूरू जिले से होली के उल्लास में सराबोर हमारे श्रोता का संदेश –

000

रंगों के पर्व होली पर प्रदेशभर में उल्लास और उमंग का माहौल है। आज जगह–जगह होलिकाएं बनायी गई हैं। महिलाओं ने सजधज कर समूह में होली का पूजन किया। देर रात शुभ मुहुर्त में पारम्परिक रूप से होलिका का दहन किया जायेगा। कल धुलंडी पर रंग और गुलाल के साथ होली खेली जायेगी। बच्चों और युवाओं में होली मनाने के लिये विशेष उत्साह नजर आ रहा है। होली को इको फ्रेंडली बनाने और बिना पानी की होली खेलने को लेकर भी लोगों में जागरूकता दिखाई दे रही है। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में भी होली को पारम्परिक रूप से मनाये जाने को लेकर तैयारियां जोरो पर है। राजधानी जयपुर में होलिका दहन और धुलंडी पर्व को लेकर यातायात पुलिस ने एडवाईजरी जारी करते हुए सड़क दुर्घटनाओं से बचाव तथा यातायात के सुगम और सुरक्षित संचालन को लेकर दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

बूंदी के गुरूद्वारा दुःख निवारण श्री हेमकुण्डबास दरबार में होली के मौके पर कई कार्यकम आयोजित किये जा रहे हैं। आज गुरूद्वारा श्री लंगर साहिब से नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें तरन–तारण से आई

गतका पार्टी आकर्षण का केन्द्र रही। साथ ही बालचन्दपाडा स्थित हेमकुण्डबास दरबार दीवान सजाया गया। वहीं जिलेभर के कई मन्दिरों में फागोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

राजसमंद जिले में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन आज रात सवा ग्यारह बजे किया जाएगा। वहीं नाथद्वारा और अन्य पुष्टि मार्ग के मन्दिरों में होलिका दहन कल सुबह सूर्योदय से पूर्व किया जाएगा।

.................

कोटा जिले में आज करीब 500 स्थानों पर शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया जाएगा। वहीं कल रंगोत्सव होगा। त्यौहार के मद्देनजर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। सुरक्षा को लेकर करीब दो हजार पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। कोटा में होली के मौके पर विभिन्न स्थानों पर समसामयिक विषयों पर आधारित झांकियां बनायी गई है। इस बार होली की झांकियों में राम मन्दिर से चन्द्रयान–3 के विक्रम लैण्डर तक का उल्लेख किया गया है। आदर्श होली संस्था की ओर से अयोध्या के राम मन्दिर की झांकी सजायी गई है, रामलला की प्रतिमा को हू–ब–हू दर्शाया गया है।

करौली के विभिन्न मन्दिरों में फागोत्सव की धूम है। वहीं चारों तरफ होली का उल्लास है।

....................

चूरू के सरदार शहर में होली पर आज सुबह शोभा यात्रा निकाली गई। जिले के रतन गढ़ में गिंदड नृत्य आयोजन के साथ हास्य कवि सम्मेलन रखा गया। सिरोही जिले में भी होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। जिले के प्रसिद्ध पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंटआबू में पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है। यहां गुजरात सहित अन्य राज्यों से सैलानी होली मनाने पहुंच रहे हैं। बाडमेर जिले में पाकिस्तान से लगती अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बलों के जवानों में होली को लेकर उत्साह बना हुआ है। जिले के सनावडा में कल गेर मेले के आयोजन किया जाएगा।

000

प्रदेश में दो अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मृत्यु हो गई और तीन लोग घायल हो गये। झालावाड ज़िले के भवानीमंडी के पास पगारिया क्षेत्र में कल देर रात डम्पर की टक्कर से मारे गए पांच व्यक्तियों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिए गये हैं। इस बीच पुलिस ने इस मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि दो समूहों में रेत बजरी खनन को लेकर विवाद के बाद एक समूह के लोगों ने दूसरे समूह के लोगों को डम्पर से टक्कर मार दी। मृतकों में दो व्यक्ति सगे भाई हैं। कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

वहीं टोंक जिले में जयपुर–भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर चांदसैन मोड के पास कार और जीप की टक्कर मेंदो लोगों की मृत्यु हो गई। मृतक कार में सवार थे। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए जयपुर भेजा गया है।

000

आज तपेदिक दिवस है। 24 मार्च को तपेदिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज ही के दिन 1882 में डॉ. रॉबर्ट कोच ने क्षय रोग के लिए जिम्मेदार जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की पहचान की थी। इसका उद्देश्य तपेदिक के बारे में लोगों को जागरूक करना और इसके फैलाव को रोकना है। उल्लेखनीय है कि क्षय रोग फेफड़ों को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है और किडनी, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क पर भी असर डालता है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह, कुपोषण और तंबाकू का उपयोग इस रोग के जोखिम को और बढ़ा देते हैं।

0000

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय–

डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक रोक लगाई गई थी और अब इसे अगले आदेश तक बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी।

000

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों के ऊपर आज एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार इसके प्रभाव से बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में **बादल गरजने** और बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। 26 मार्च से एक और कमजोर विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद महीने के आखिरी में एक और हल्के विक्षोभ का आंशिक प्रभाव रह सकता है। इस बीच प्रदेश में अधिकांश जिलों में गर्मी का असर बढ़ने लगा है। पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक 38 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान डूंगरपुर में जबकि पश्चिमी राज्य में 38 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया।

**000**